Ans. (d) – बूँदी प्रजामण्डल की स्थापना 1931 में कान्ति लाल और नित्यानन्द के द्वारा की गई थी।
अतः विकल्प (d) सुमेलित नहीं है। निम्नलिखित सूची में प्रजामण्डल संस्थापक और वर्ष का सुमेत दिया गया है–

प्रजामण्डल	संस्थापक	वर्ष
जैसलमेर	मीठालाल व्यास	1945
कोटा	अभिन्नहरि और नयनू राम शर्मा	1939
जयपुर	कपूरचन्द्र पाटनी	1931
भरतपुर	जुगल किशोर चतुर्वेदी और किशन लाल जोशी	1938
किशनगढ़	कांन्तिलाल चौथानी	1939
बीकानेर	मघाराम वैद्य	1936
सिरोही	गोकुलभाई भट्ट	1939

697. कौनसा ग्रन्थ पं. विश्वेश्वर नाथ रेउ द्वारा नहीं लिखा गया है-
(a) कॉइन्स ऑफ मारवाड़
(b) हिस्ट्री ऑफ द राष्ट्रकूट्स
(c) इतिहास नींबाज
(d) विश्वेश्वर स्मृति

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (c) – पंडित विश्वेश्वर नाथ रेउ ने गौरीशंकर हीराचंद ओझा के साथ इतिहास लेखन का कार्य शुरू किया। जोधपुर के राजा सुमेर सिंह ने 1917 ई. में राजकीय सेवा में नियुक्त किया। इन्होंने भारत के प्राचीन राजवंश, कॉइन्स ऑफ मारवाड़, हिस्ट्री ऑफ द राष्ट्रकूट्स, मारवाड़ राज्य का इतिहास, ग्लोरिज ऑफ मारवाड एंड द ग्लोरियस राठौड़, विश्वेश्वर स्मृति, रावभोज, ऋग्वेद का सामाजिक एवं ऐतिहासिक सार एवं राठौड़ दुर्गा दास नामक ग्रंथ लिखे।

698. बूँदी प्रजामण्डल की स्थापना किसने की-
(a) जगन्नाथ अधिकारी (b) हरिनारायण शर्मा
(c) कान्तिलाल (d) गंगा प्रसाद शास्त्री

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (c) – बूँदी प्रजामंड़ल की स्थापना कान्तिलाल ने वर्ष 1931 नित्यानंद के साथ में की थी। बूँदी राज्य प्रजा परिषद की स्थापना ऋषिदत्त मेहता ने की। वर्ष 1948 ई. में बूँदी का विलय किया गया।

699. निम्नलिखित में से किस पुस्तक के लेखक के.डी. अर्सकिन नहीं थे-
(a) इम्पीरियल गजेटियर ऑफ राजस्थान
(b) राजपूताना गजेटियर
(c) जयपुर एलबम
(d) मेवाड़ रेजिडेंसी

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (c) – जयपुर एलबम के सम्पादक केशरलाल अजमेरा जैन और जवाहर लाल जैन द्वारा सम्पादित किया गया है। जबकि इम्पीरियल गजेटियर ऑफ राजस्थान, राजपूताना गजेटियर और मेवाड़ रेजीडेंसी के लेखक के.डी. अर्सकिन थे।

700. मारवाड़ प्रजामण्डल का गठन कब किया गया था-
(a) 1932 ई. (b) 1934 ई.
(c) 1936 ई. (d) 1938 ई.

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (b) – मारवाड़ प्रजामण्डल का गठन 1934 ई. में किया गया था। इस प्रजामण्डल की स्थापना जयनारायण व्यास (शेर-ए-राजस्थान) ने जोधपुर में की थी। इसके प्रथम अध्यक्ष भंवरलाल सर्राफ थे।

701. बरड़ किसान आन्दोलन को संगठित करने वाला राजस्थान सेवा संघ हाड़ौती की शाखा का नेता कौन था?
(a) रामनारायण चौधरी (b) विजयसिंह पथिक
(c) स्वामी गोपालदास (d) नयनूराम शर्मा

हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018

Ans. (d) – बूँदी किसान आन्दोलन जो बरड़ किसान आन्दोलन के नाम से भी प्रचलित था की शुरूआत 1926 ई. में पंडित नयनूराम शर्मा ने किया। यह आंदोलन मुख्यतः राज्य प्रशासन के विरोध में था। बरड़, ड़ाबी के आसपास का क्षेत्र है। यह आन्दोलन बिजौलिया किसान आन्दोलन से प्रभावित एवं राजस्थान सेवा संघ से प्रोत्साहित था। इस आंदोलन ने संपूर्ण बरड़ क्षेत्र में कर बंदी अभियान का श्री गणेश किया।

702. राजस्थान में छावनी मण्डल की स्थापना कहाँ की गई है?
(a) चित्तौड़गढ़ (b) भिवाड़ी
(c) ब्यावर (d) नसीराबाद

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV

Ans. (d) – राजस्थान में छावनी मण्डल की स्थापना सन् 1818 ई. में नसीराबाद की गई थी।

703. शाहपुरा प्रजामण्डल की स्थापना कब हुई-
(a) 1934ई. (b) 1936 ई.
(c) 1938 ई. (d) 1940ई.

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (c) – शाहपुरा प्रजामंडल की स्थापना वर्ष 1938 में माणिक्यलाल वर्मा ने रमेश चन्द्र ओझा तथा लादूराम व्यास की सहायता से की। 1942 ई. के भारत छोड़ों आंदोलन के समय प्रजा मण्डल ने शासक को अंग्रेजों से संबंध तोड़ने की मांग की। 25 मार्च, 1947 ई. में शाहपुरा का विलय राजस्थान में हो गया।

704. मंडन द्वारा रचित वास्तुकला के जिस ग्रंथ में मूर्तिकला की जानकारी मिलती है, वह है–
(a) प्रसाद मण्डन (b) रूप मण्डन
(c) गृह मण्डन (d) वास्तुसार मण्डन

उत्तर–(b) **RPSC RAS/RTS-1993**

व्याख्या–मंडन द्वारा रचित रूप मंडन से हमें मूर्तिकला की जानकारी मिलती है।

705. 'वंश भास्कर' के रचयिता हैं–
(a) बॉकीदास (b) सूर्यमल मिश्रण
(c) कविराज श्यामलदास (d) विट्ठल दास

उत्तर–(b) **RPSC RAS/RTS-1993**

व्याख्या–सूर्यमल मिश्रण "वंश भास्कर के रचयिता हैं इसमें हमें हाड़ा वंश के शासकों के बारे में जानकारी मिलती है।

706. नीचे राजस्थान की स्वतंत्रता आन्दोलनकारी महिलाओं की सूची दी गयी है –
सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये और कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये –